| |
|---|
| **दिनांक 09.08.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 13/2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद सोनभद्र/थाना दुद्धी</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉक:09.08.2025 को थाना दुद्धी, थाना विण्ढमगंज व थाना म्योरपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कनहर नदी पुल के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त गुड्डू उर्फ जाहिद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दुद्धी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–गुड्डू उर्फ जाहिद निवासी ग्राम खजूरी थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र।

**<u>बरामदगी</u>**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सिद्धार्थनगर/थाना इटवा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **07 लाख 80 हजार रूपय नगद आदि बरामद**

दिनॉकः 09.08.2025 को थाना इटवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पिपरा मुर्गिहवा पुल के पास से अभियुक्त अशफाक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, 07 लाख 80 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना इटवा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इटवा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना इटवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अशफाक निवासी बिरवापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–07 लाख 80 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना जानसठ

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **6500/–रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 09.08.2025 को थाना जानसठ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाजिदपुर कवाली मार्ग पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियक्त जोगी उर्फ जोगेन्द्र उर्फ मनोज घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, 6500/–रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना जानसठ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जानसठ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभषण चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–जोगी उर्फ जोगेन्द्र उर्फ मनोज निवासी ग्राम योगेन्द्रनगर थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी की (पीली—सफेद) धातु के आभूषण।

2—6500 / —रूपये नगद।

3—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

4—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित / खोखा कारतूस।

————————